INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI(2nd lang.)	Department: Hindi	
Worksheet No: 8	Topic: Paragraph Worksheet	Note: Pl. file in portfolio

प्र -1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए:-

जयपुर के राजा मानसिंह अपने समय के बड़े नामी योद्धा थे । अकबर के दरबार में उनका सम्मान था । एक समय की बात है कि वे अपने सिपाहियों के साथ कहीं से लौट रहे थे। रास्ते में चित्तौड़ पड़ा और उनको राणा प्रताप की याद आई। मानसिंह, राणा प्रताप से मिलने उनके महल तक आ गए । राणा प्रताप ने मानसिंह का आदर-सत्कार तो खूब किया पर भोजन के समय उनके साथ खाने पर नहीं बैठे। उन्होंने अपनी जगह पर अपने बेटे को बैठा दिया। यह देखकर मानसिंह का पारा चढ़ गया और वह क्रोधित होकर बोले, "यदि मैं इस घोर अपमान का बदला न लूं तो मेरा नाम मानसिंह नहीं।"

राणा प्रताप ने शेर के मुँह में हाथ डाल दिया था।अब तो इसका परिणाम उन्हें भुगतना ही था। एक महीने के भीतर ही राजा मानसिंह मुगल साम्राज्य की चुनी हुई सेना लेकर हल्दीघाटी के मैदान में आ धमके। घमासान लड़ाई हुई। चारों ओर हाहाकार मच गया और खून की धारा बह चली। लाशों के ढेर लग गए। मुगलों की अपार सेना के सामने राणा प्रताप की सेना ठहर न पाई। उनका प्यारा घोड़ा चेतक भी उनसे सदा के लिए बिछुड़ गया। हजारों वीर राजपूत सदा- सदा के लिए इस धरा से चले गए।

राणा प्रताप को भागकर अरावली पर्वत की गुफाओं में शरण लेनी पड़ी। वे परिवार के साथ कभी इधर तो कभी उधर ठोकरें खाते फिरते थे । एक दिन खाना मिलता, तो दूसरे दिन पानी से ही काम चलाना पड़ता था । एक बार तीन दिनों तक निराहार रहने के बाद घास की रोटी बनी | छोटी बच्ची खाने ही वाली थी कि एक वनबिलाव आया और एक ही झटके में रोटी लेकर आँखों से ओझल हो गया । बालिका चिल्ला उठी। अब घर में दूसरी रोटी भी ना थी कि उसे देकर बच्ची की भूख मिटाई जा सके राणा प्रताप की आँखों में आँसू आ गए।

प्रश्न - 1- मानसिंह कहाँ के नामी योद्धा थे?

* रामपुर * उदयपुर

* चंदनपुर * जयपुर

प्रश्न - 2- मानसिंह का किसके दरबार में सम्मान था ?

* शाहजहाँ * अकबर
* राणा प्रताप * हुमायूं

प्रश्न - 3- चित्तौड़ पहुँचकर मानसिंह को किसकी याद आई?

* लोगों की * अकबर
* राणा प्रताप * राजपूतों की

प्रश्न - 4 - मानसिंह राणा प्रताप से क्यों नाराज़ हो गए?

* राणा प्रताप ने मानसिंह का आदर- सत्कार नहीं किया।
* राणा प्रताप मानसिंह के साथ घूमने- फिरने नहीं गए।
* वे मानसिंह के साथ भोजन करने नहीं बैठे।
* राणा प्रताप ने मानसिहं के साथ शिकार नहीं खेला।

प्रश्न - 5 - राणा प्रताप और मानसिंह का युद्ध कहाँ हुआ ?

* हल्दीघाटी में * चित्तौड़ में
* जयपुर में * उदयपुर में

प्रश्न – 6 -राणा प्रताप के घोड़े का नाम क्या था ?

* चेतक * चेतन
* एरावत * गजराज

प्रश्न – 7 - राणा प्रताप ने किसकी सेना के साथ युद्ध किया ?

* अकबर की सेना के साथ * राजपूत सेना के साथ
* मेवाड़ की सेना के साथ * अंग्रेजों की सेना के साथ

प्रश्न – 8 - राणा प्रताप ने भाग कर कहाँ शरण ली ?

* नीलगिरि की गुफाओं में * उदयगिरि की गुफाओं में
* अरावली की गुफाओं में * हिमालय की गुफाओं में

प्रश्न – 9 - महाराणा प्रताप की आँखों में आँसू क्यों आ गए?

* बच्ची के रोने के कारण * थक जाने के कारण कारण
* भूख के कारण * बच्ची के हाथ से रोटी छिन जाने के कारण

प्रश्न – 10 - कौन सदा के लिए धरा से उठ गए ?

* हजारों वीर राजपूत * अकबर की सेना के हजारों सिपाही
* मानसिहं * महाराणा प्रताप